पुनाा International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

| P.A.3 ASSINGNMENT | | | |
|---|---|---|---|
| **SYLLABUS – CH-8,9** | | **Grade :** | **3** |
| | | **Subject:** | **Hindi** |

# पठन विभाग

## [प्र-1]दिए गए गदयांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो

राम और श्याम एक दिन जंगल में गए जंगल बहुत बड़ा था वह चलते-चलते थक गए थे इसलिए पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर सुस्ताने लगे। थोड़ी देर में राम को प्यास लगी तो श्याम ने पास के तालाब से पानी लाया और राम को दिया। कुछ देर बाद दोनों को भूख लगी तो खाने की तलाश करने लगे। कुछ दुरी पर उन्हें आम का पेड़ मिला फिर उन्होंने आम खा कर अपनी भूख मिटाई। शाम को दोनों घर की और निकल पड़े जाते जाते उन्होंने जलाने के लिए कुछ सुखी लकड़ियाँ ले ली थी।

अभ्यास के लिए नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

1. राम और श्याम कहाँ गये थे?

   उत्तर- राम और श्याम एक दिन जंगल मे गए थे

2. श्याम कहाँ से पानी लेकर आया था?
   उत्तर - श्याम पास के तालाब से पानी लाया

3. राम और श्याम ने जंगल में क्या खाया था
   उत्तर - राम और श्याम ने जंगल ने जंगल मे आम खाया था
4. दोनों किस पेड़ के में के नीचे बैठे थे?
   उत्तर - दोनों पीपल के पेड़ के नीचे बैठे थे?
5. राम और श्याम घर पर क्या लेकर गये थे?
   उत्तर - राम और श्याम घर पर जलाने के लिए कुछ सुखी लकड़ियाँ लेकर गये थे

अमित की राशन की दुकान थी। उसकी दुकान पर दालें, चावल और आटे से लेकर नमकीन, बिस्कुट आदि सब कुछ मिलता था। ऐसी कोई चीज़ न होगी जो उसकी दुकान पर न मिलती हो। एक बार

दुकान पर रखी शहद की बोतल उलट गई। चारो और से कई मक्खियाँ उस बिखरे शहद पर टूट पढ़ीं। सब कुछ भूलकर वे शहर चाटने लगी। वे शहद चाटने मे इतनी मगन हो गईं कि उन्हें पता ही नहीं चला कि कब उनके पैर शहद में चिपक गए। अब उनके लिए उड़ना मुश्किल हो गया। उन्हें अपने लालच पर पछ्तावा होने लगा।

अभ्यास के लिए नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

1. अमित की किस चीज़ की दुकान थी?
उत्तर - अमित की राशन  की दुकान थी
2 .अमित की दूकान पर मिलने वाली कोई दो चीजो के नाम लिखे?
उत्तर - 1 -नमकीन  और 2 -चावल

3. अमित की दूकान में किस चीज की बोतल उलट गई थी?

उत्तर - अमित की दूकान में शहद की बोतल उलट गई थी

4.किस को लालच का पछ्तावा होने लगा?

उत्तर - मक्खियों को लालच का पछ्तावा होने लगा

5. शहद में मक्खियो का क्या चिपक गया था?

उत्तर - शहद में मक्कियो का पैर चिपक गया था

# लेखन विभाग

**[प्रश्न-2(ब)]   निबंध लिखिए**

## दीपावली

- दिपावली का त्यौहार भारत में और अन्य कई देशों में बहुत ही धूम धाम से मनाया जाता है।
- दीपावली को दीप का त्यौहार भी कहा जाता है।
- दिवाली का त्यौहार भारत के प्रमुख त्यौहारों में से एक है।
- जिसे भारत में बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है।
- कहा जाता है कि इस दिन भगवान श्री राम ने रावण को पराजित करके और अपना 14 साल का वनवास काटकर अयोध्या लौटे थे।
- श्री राम भगवान की आने की खुशी वहां के सभी लोगों ने दिये जलाए थे।
- तब से लेकर अब तक हर वर्ष इस दिन को दीवाली के त्यौहार के रूप में मनाया जाता है।
- लोग आज भी इस दिन को उतने की खुशी से मनाते हैं।
- ये त्यौहार बच्चा, बूढें, बड़े हर कोई बहुत ही अच्छे से मनाता है।

- यहां तक कि स्कूल, कॉलेज और दफ्तरों में भी दीवाली को त्यौहार को बहुत धूम धाम से मनाया जाता है।
- इन दिन लोग एक दूसरे को दीवाली की बधाई देते हैं और बहुत से उपहार भी तोहफे के रूप में देते हैं।
- दिवाली का त्यौहार हर साल अक्टूबर या नवम्बर माह में मनाया जाता है।
- दीवाली आने से कुछ दिन पहले ही लोग इस त्यौहार को मनाने की तैयारी में लग जाते हैं।
- दीवाली के दिन लोग अपनी दुकानें, अपना घर, स्कूल, दफ्तर आदि को दुल्हन की तरह सजाते हैं।
- सभी लोग नए कपड़े खरीदते हैं, इस दिन घर और दुकानों की भी अच्छे से सफाई की जाती है। दीवाली की रात पूरा भारत जगमगाता है।
- रंग बिरंगी लाइटें, दिए, मोमबत्ती आदि से पूरे भारत को सजाया जाता है।
- दीवाली की शाम भगवान लक्ष्मी और गणेश जी की पूजा की जाती है।
- पूजा करने के बाद सभी लोग अपने पड़ोसियों और अपने रिश्तेदारों को प्रसाद, मिठाई, गिफ्ट आदि देते हैं।
- इस दिन लोग पटाखे, बम, फुलजड़ी आदि भी जलाते हैं।
- दीवाली के त्यौहार को बुरे पर अच्छाई की जीत का प्रतीक भी माना जाता है।
- भारत की नहीं बल्कि और भी कई देशों में दीवाली का त्यौहार बहुत की धूम धाम से मनाया जाता है।

## बंदर

- बंदर' एक बहुत ही बुद्धिमान जीव है ।
- यह एक चौपाया जानवर है जिसके चार पैर, दो आँखे, दो कान और एक लम्बी पूंछ होती है।
- बन्दर बहुत ही फुर्तीले होते है।
- यह पेड़ पर एक डाली से दुसरे डाली पर बहुत ही आसानी से छलांग लगा लेते है।
- बन्दर के कुल 32 दांत होते है।
- बन्दर को खाने में " केला "अधिक पसंद है।
- पुरे विश्व में बंदरों की 260 जीवित प्रजातियाँ है।
- बंदरों और मनुष्यों का 98 प्रतिशत DNA आपस में मिलता है।
- अंतरिक्ष में भेजा गया पहला बंदर जिसका नाम 'Albert II" था।
- हर साल 14 दिसंबर को विश्व बन्दर दिवस मनाया जाता है।

प्रश्न 2(ब)] **मित्र को अपने जन्मदिन पर आमंत्रित करने हेतु पत्र।**

७२, कंकड़बाग,
वीरप्रताप सोसायटी,
पटना।
२७, अप्रैल, २०२१
प्रिय राघव,

तुम्हे याद होगा कि ९ मई को मेरा जन्मदिन है।हर वर्ष की तरह इस बार भी मेरे माता-पिता जन्मदिन के अवसर पर पार्टी का अयोजन कर रहे है।मेरी हार्दिक इच्छा है कि तुम इस पार्टी मे शामिल होकर मुझे प्रसन्नता प्रदान करो।

इस बार केक काटने के साथ- साथ संध्या संगीत का भी आयोजन रखा गया है। पार्टी शाम को ६ बजे से शुरू होगी तो तुम्हे अपने परिवार के साथ आना है।मै तुम्हारा इंतजार करूँगा।

अपने माता-पिता को मेरा प्रणाम कहान और छोटी बहन को प्यार देना।

तुम्हारा मित्र
रमेश

**ललित**
**न्यू इंडियन पब्लिक स्कूल**
**सेक्टर – 12, इंद्रा कॉलोनी,**
**दिल्ली**

चाचाजी को पत्र लिखकर उनके द्वारा आपके जन्म-दिवस पर भेजे गए ऊपहार के लिए कृतज्ञता व्यक्त कीजिए।

**मार्च 15, 2021**
पूज्य चाचाजी

सादर चरण-स्पर्श !
आपके द्वारा भेजा गया बधाई-पत्र तथा हाथ-घड़ी का उपहार प्राप्त हुआ। उपहार पाकर अत्यधिक प्रसन्नता हुई। यह प्यारी-सी घड़ी मुझे बहुत अच्छी लगी।

सच कहूँ, मैं सोचता था कि काश ! मुझे मेरे जन्म दिवस पर कोई घड़ी दे दे। आपने न जाने कैसे मेरी यह इच्छा पढ़ ली आपका दिया हुआ उपहार मुझे मेरे अध्ययन में बहुत सहायता देगा इसकी टिक टिक मुझे प्रतिपल बीतते हुए समय की याद दिलाएगी।

इसकी सहायता से मैं समय का और अधिक अच्छा और नियमित उपयोग कर सकूंगा इस हार के लिए एक बार पुनः धन्यवाद !

आदरणीय चाचीजी को सादर नमस्कार तथा टिंकु, पिंकी को स्नेह !

**भवदीय**
**ललित**

## व्याकरण विभाग

1] निम्नलिखित वाक्यों मे से सकर्मक क्रिया और अकर्मक क्रिया को पहचान के लिखिए

- अध्यापिका पाठ **पढ़ाएगी**। - सकर्मक क्रिया
- माली ने पौधौ को **सीचा**। - सकर्मक क्रिया
- नदी **बहती है**। - अकर्मक क्रिया
- आकाश मे पक्षी **उड़ रहे है**। - अकर्मक क्रिया
- विनय जोर से **चिल्ला रहा है**। - अकर्मक क्रिया
- राम पुस्तक **पढ़ता** है। - सकर्मक क्रिया
- गीता **दौडती है**। - अकर्मक क्रिया

- नदी बहती है। - <u>अकर्मक क्रिया</u>
- मोर नाचता है। - <u>*अकर्मक क्रिया*</u>
- गाय घास खाती है। - <u>अकर्मक क्रिया</u>

**2] निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण के भेद पहचान के लिखिए**

- गीता अच्छी लडकी है। - गुणवाचक विशेषण
- यह घड़ी पुरानी है। सार्वनामिक विशेषण
- यह खेत बहुत छोटा है। सार्वनामिक विशेषण
- भरत बलशाली बालक था। - गुणवाचक विशेषण
- तीन लडके खेल रहे है। - संख्यावाचक विशेषण
- मेले मे हजारो लोग आए थे। - संख्यावाचक विशेषण
- वह प्रतिदिन एक लीटर दूध पीता है।- परिमाणवाचक विशेषण
- अधिक परिश्रम करने से स्वास्थ्य बिगड़ जाता है।- **परिमाणवाचक विशेषण**
- हमारा घर आंनद विहार मे है। - सार्वनामिक विशेषण
- यह खेत चौकोर है। - गुणवाचक विशेषण
- बाहरी कमरा छोटा है। - गुणवाचक विशेष

## साहित्य विभाग

प्रश्न 1] **सही कथन पर सही और गलत पर गलत का निशान लगाए।**

१: तराज़ू मेज पर रखा था। (गलत)

२: सफेद बिल्ली को रोटीकी महक पहले आई। (सही)

३: रोटी मेज पर रखी थी। (सही)

४: बंदर ने ठीक फैसलाकिया। (गलत)

५: दोनो बिल्लियाँबंदर पर झपट पडी। (गलत)

६: बंदरबची-खुची रोटी भी खा गया। (सही)

७: अवंति की प्रशंसा सुनकर सेठ बहुत प्रसन्न हुआ। (गलत)
८: अवंति को परेशानकरनेके लिए सेठ उसकी दुकान पर गया था। (सही)
९ :सेठ ने लालरंग मे कपड़ा रंगनेके लिए कहा था। (गलत)

**प्रश्न -2] रिक्त स्थानों कीपूर्ति कीजिए।**
१: अवंति <u>**गाँववासियो**</u> के लिए कपड़ा रंगता था।
२: धीरे-धीरे <u>**अवंति**</u> की दुकान चल पडी।
३: सेठ अवंति के घर के <u>**दरवाजे**</u> के अंदर घुसते ही बोलने लगा था।
४: अवंति ने सेठ का <u>**मंसूबा**</u> भाँप लिया था।
५: दोनो बिल्लियाँ <u>**रोटी**</u> के लिए आपस मे झगड़ रही थी।

६ : बंदर ने कहा मै तुम्हारा <u>**फैसला**</u> करुँगा।

७: बंदर ने दोनोबिल्लियाँ से <u>**रोटी**</u> छीन ली।

८: बंदर ने रोटी के <u>**टुकडे**</u> कर दिए।

९: बंदर ने कहा मै झगडे की जड़ ही काट देता हूँ।

**निन्मलिखित प्रश्नोके अति लघु उत्तर लिखिए।**

१: रोटी पर पहले किस की नजर पडी?

उत्तर:रोटी पर पहले सफेद बिल्ली की नजर पडी।

२: काली बिल्ली ने किसे डरपोक साबित किया?

उत्तर: काली बिल्ली ने सफेद बिल्ली को डरपोक साबित किया।

३: सफेद बिल्ली ने रोटी पर अपना हक किस प्रकार जताया?

उत्तर: सफेद बिल्ली ने कहा रोटी पहले मैने देखी इसलिए यह मेरी है।

४: क्या गावँवाले अवंति के काम से प्रसन्न थे?

उत्तर: हाँ,गावँवाले अवंति के काम से प्रसन्न थे।

५ : सेठ किसके हुनर को परखना चाहता था?

उत्तर:सेठ अवंति के हुनर को परखना चाहता था।

६ :काली बिल्ली ने रोटी पर अपना हक किस प्रकार जताया?

उत्तर:काली बिल्ली ने रोटी पर अपना हक जताते हुए कहा कि यह पहले मैने ली है इसलिए यह मेरी है।

७ :रोटी के लिए कौन-कौन लड़ रहा था? उन्हे लडने से किसने रोका?

उत्तर: रोटी के लिए काली बिल्ली और सफेद बिल्ली लड रही थी। उन्हे लडने से बंदर ने रोका।

८ :सेठ कपड़े को किस रंग मे रंगवाना चाहता था?

उत्तर: सेठ कपड़े को हरा, पीला,सफेद,लाल,नारंगी,नीला,आसमानी ,काला और बैंगनी को छोडकर रंगवाना चाहता था।

**निन्मलिखित प्रश्नो के लघु उत्तर लिखिए।**

१:अवंति ने सेठ को दोबारा किस दिन आने को कहा?

उत्तर: अवंति ने सेठ को दोबारा सोमवार,मंगलवार,बुधवार,बृहस्पतिवार,शुक्रवार,शनिवार और रविवार को छोडकर आने को कहा।

२:अवंति केमुख से कपडे लौटाने की बात सुनकर सेठ को क्या समझ आ गया था?

उत्तर: अवंति के मुख से कपडे लौटाने की बात सुनकर सेठ समझ गया कि उसकी चाल उल्टी पड़ गई है।अतः भलाई धीरे से खिसक लेने मे ही है।

३:सेठ और अवंति मे से कौन बुद्रधिमान था?

उत्तर: सेठ और अवंति मे से अवंति बुद्रधिमान था।

४:कब आऊँ कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलतीहै?

उत्तर: कब आऊँ कहानी से हमें य्ह शिक्षा मिलती है कि हमे कभी किसी से ईर्ष्या नही करनी चाहिए।

५ :बिल्लियो की बाते सुनकर बंदर ने क्या फैसला किया?

उत्तरःबिल्लियोकी बाते सुनकरबंदर ने उन्हे कचहरी मे बुलाने का फैसला किया।

६ :बंदर ने तराज़ू का प्रयोग कर बिल्लियो को किस प्रकार मूर्ख बनाया?

उत्तरः बंदर ने तराज़ू का प्रयोग कर बिल्लियो की सारी रोटी खा गया और दोनो बिल्लियाँ मुँह देखती रह गई।

७ :आपस मे झगडने से बिल्लियो को क्या हानी हुई

उत्तरःआपस मे झगडने से बिल्लियो के हाथ मे आयी रोटी बंदर ले गया।

८ : बंदर-बाँट नाटक से क्या शिक्षा मिलतीहै?

उत्तरः बंदर-बाँट नाटक से शिक्षा मिलती है कि आपस का झगड़ा समझौते से सुलझाना चाहिए, कभी तीसरे को बीच मे नही लाना चाहिए।